Bharat Temples

जगराते की पावन ये रात,
मांग लो मैया से कोई सौगात,
बड़ी वरदानी है शेरोवाली ये माँ,
दुर्गा है भवानी है जोतावाली ये माँ।।

तर्ज आने से उसके।

आते है नौराते,
माँ भक्तो के घर में है आती,
लाती है खजाने,
माँ जी भर के खुशियां लुटाती,
भक्तो पे ममता की,
दौलत लुटाती है,
शेरोवाली ये माँ,
दुर्गा है भवानी है जोतावाली ये माँ।।

वेदों ने भी माँ की,
बड़ी महिमा बताई है जग को,
संतो ने भी गाथा,
श्रद्धा से सुनाई है जग को,
आता जो चौखट पर,
गले से लगाती है,
शेरोवाली ये माँ,
दुर्गा है भवानी है जोतावाली ये माँ।।

तीनों लोक में ही,
आदिशक्ति का जलवा समाया,
डेरा पर्वतों पर,
अम्बे जगदम्बे ने है लगाया,
चोखानी बिगड़ी को,
पल में बनाती है,
Bhajan Diary Lyrics,
शेरोवाली ये माँ,
दुर्गा है भवानी है जोतावाली ये माँ।।

जगराते की पावन ये रात,
मांग लो मैया से कोई सौगात,
बड़ी वरदानी है शेरोवाली ये माँ,
दुर्गा है भवानी है जोतावाली ये माँ।।

Singer – Shivanand Chanchal

Source: https://www.bharattemples.com/jagrate-ki-pawan-ye-raat/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw